दिनांक 23.05.2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

घरों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में किया जा रहा है सैनिटाइजिंग, निगम का स्वच्छता अमला कोरोना वारियर्स के रूप में कर रहा है कार्य

भिलाईनगर / कोविड 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के तहत निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला घरों के भीतर वार्डो तथा गली मोहल्लों के साथ ही दुकान , बाजार क्षेत्र को टैंकर एवं हैन्ड स्प्रे के द्वारा सैनेटाइज का कार्य सघन रूप से प्रतिदिन कर रहे हैं। निगम मुख्यालय सहित सभी जोन कार्यालयों में आम जन के आवामन को देखते हुए कार्यालयों को भी सेनेटाइज किया जा रहा है। निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लाॅकडाउन के नियमों का पालन करें ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। घर से बाहर निकलने पर चेहरे को अनिवार्य रूप से मास्क या अन्य कोई आवश्यक उपायों से कवर करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम कोरोना योद्धा के रूप में काम करते हुए निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से दुकानों के शटर, बाजार क्षेत्र तथा घरों, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर इत्यादि के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव टैंकर गाड़ी व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से करते हुए सेनेटाइज किया गया। निगम मुख्यालय और सभी जोन कार्यालय परिसर को भी सेनेटाइज किया जा रहा है! निगम क्षेत्र अंतर्गत श्रमिक बस्ती , मयूर पार्क,18 नं., लिंक रोड., जे.पी. नगर, वार्ड 25, तेलगु मोहल्ला, टाटा लाईन, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, भगत सिंह चौक, नीम पेड़ गली, हनुमान मंदिर पीपल पेड़ के समीप , बाबा कालोनी, शारदा पारा, वार्ड 25 संतोषी पारा, राम बाई गली , तिवारी गली, पार्षद लाइन, संतोषी पारा क्षेत्र, विवेकानंद नगर में यादव पारा, सतनामी पारा, शर्मा कॉलोनी, शंभू लाइन, लकड़ी टाल लाइन, चमड़ा गोदाम, बेदी कॉलोनी लाइन, मिलन चौक, सुनील किराना स्टोर लाइन, डॉक्टर निराला लाइन, डॉक्टर श्रीवास्तव लाइन, गुप्ता लाइन, संजय गली, पटेल डेयरी, शर्मा फर्नीचर, अहमद नगर, रूई मोहल्ला, जेपी नगर, सर्कुलर मार्केट, किशन चौक, ताडी लाईन, भगत सिंह चौक के पास, शर्मा कॉलोनी, शंभू लाइन, लकड़ी टाल लाइन, सुनील किराना स्टोर लाइन सहित विभिन्न स्थानों पर निगम के अमले

ने सोडियम हाइपोक्लोराइड घोल को टैंकर व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से घरों एवं सार्वजनिक क्षेत्र में सेनेटाइज करने का कार्य किया।